# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

क़ादर नवाज़ ख़ान
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Kadar Nawaz Khan**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902


क्रमांक : 003/2003/का.आ./02/2026 / 238
दिनांक : 08.07.2026

## सूचना

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने **छात्र अध्ययन यात्रा एवं हिंदीतर भाषी नवलेखन शिविर हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं।** विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थी जिनकी मातृभाषा हिन्दी नहीं (Non-Hindi Speaking Students) है, वे छात्र अध्ययन यात्रा एवं हिंदीतर भाषी नवलेखन शिविर हेतु केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन ईमेल (vistarchd@gmail.com) से प्रेषित कर सकते हैं।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा जारी सूचना, पात्रता, मिलने वाली विशेष सुविधाएं, आवेदन प्रपत्र एवं अन्य विवरण पृथक से संलग्न हैं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

क़ादर नवाज़
**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**
08/7/26

**प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा)** :

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केन्द्र निदेशक (विद्यापीठ एवं विभाग के सूचनापट्ट हेतु)
3. कुलानुशासक
4. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
5. समस्त छात्रावास अधीक्षक (सूचनापट्ट हेतु)
6. प्रभारी, लीला वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
7. रक्षित पत्रावली

45

# केंद्रीय हिंदी निदेशालय

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

वेस्ट ब्लाक-7, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066

वित्तीय वर्ष 2026-2027

## NOTICE: छात्र अध्ययन यात्रा एवं हिंदीतर भाषी नवलेखक शिविर हेतु आवेदन आमंत्रित !

### पात्रता (Eligibility)

- ✓ देश के किसी भी मान्यता प्राप्त हिंदी संस्था / कॉलेज या विश्वविद्यालय में नियमित रूप से पढ़ रहे विद्यार्थी।
- ✓ ऐसे विद्यार्थी जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है (Non-Hindi Speaking Students)।

### मिलने वाली विशेष सुविधाएं (Facilities & Benefits)

- ✓ आने-जाने के सफर के लिए **AC-3 टियर (थ्री टियर)** का रेल टिकट किराया।
- ✓ यात्रा और शिविर की पूरी अवधि के लिए प्रतिदिन **₹ 500/-** का नकद दैनिक भत्ता।
- ✓ चयनित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए आवास एवं भोजन की पूर्णतः **निःशुल्क व्यवस्था**।

### आवेदन फॉर्म डाउनलोड करें (Download Links)

📋 हिंदीतर भाषी नवलेखक शिविर — **यहाँ क्लिक करें**

📋 छात्र अध्ययन यात्रा फॉर्म — **यहाँ क्लिक करें**

### डिजिटल सबमिशन एवं हेल्पलाइन संपर्क

**ईमेल सबमिशन:**
vistarchd@gmail.com
(अपना भरा हुआ फॉर्म यहाँ ईमेल करें)

**हेल्पलाइन संपर्क:**
9468288675 (श्री हकीकत)
7488155156 (श्री मुकेश)

**मुख्य वेबसाइट:** https://chd.education.gov.in/

**Facebook**
Central Hindi Directorate

**YouTube**
@hindibhashavani7243

**X (Twitter)**
@central_hindi

https://www.chd.education.gov.in/vistar

विस्तार कार्यक्रम

विस्तार कार्यक्रम की योजनाएँ हिंदीतरभाषी प्रांतों में हिंदी के प्रचार-प्रसार से संबंधित हैं। हिंदीतरभाषी हिंदी-प्रेमियों, विद्वानों, लेखकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अनुवादकों को सहयोजित करने वाली ये योजनाएँ अखिल भारतीय स्तर पर विविध भाषा-भाषियों को एक-दूसरे के निकट लाती हैं। इन योजनाओं के माध्यम से विभिन्न भाषा-भाषियों को हिंदी का एक मंच उपलब्ध होता है, जहाँ हिंदी भाषा के माध्यम से भारतीय भाषाओं और उनके साहित्य के संबंध में अधुनातन जानकारी ही नहीं मिलती अपितु परस्पर विचार-विमर्श और संवाद के जरिए एक-दूसरे को जानने-समझने में मदद भी मिलती है एवं एक-दूसरे के रीति-रिवाजों तथा लोकचेतना का ज्ञान भी होता है। इन योजनाओं से भाषाई एकता को बढ़ावा मिलता है और भारतीय संस्कृति के समान तत्वों के दर्शन होते हैं। हिंदी के अखिल भारतीय स्वरूप की व्यावहारिक जानकारी देने वाले इन विस्तार कार्यक्रमों के अंतर्गत अधोलिखित योजनाएँ कार्यान्वित की जा रही हैं :-

1. **हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर**
2. **छात्र अध्ययन यात्रा**

(क) हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर

**(नव - हिंदी लेखक गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों की कार्यशाला):**

हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखकों को कहानी, कविता, नाटक व साहित्य की अन्य विधाओं तथा अनुवाद, पत्रकारिता आदि की विस्तृत और अधुनातन जानकारी देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पच्चीस-पच्चीस हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखकों के आठ शिविर आयोजित किए जाते हैं। हिंदीतरभाषी प्रांतों में आठ दिनों तक चलने वाले इन शिविरों में नवलेखकों को मार्गदर्शन देने के लिए तीन स्थापित हिंदी साहित्यकारों / विद्वानों / संपादकों आदि को भी आमंत्रित किया जाता है। शिविरों में नवलेखकों द्वारा लिखी गई रचनाओं पर चर्चा होती है, उनमें संशोधन किए जाते हैं तथा विधा-विशेष की अद्यतन प्रवृत्तियों के बारे में जानकारी भी दी जाती है।

53

इस प्रकार नवलेखकों की सृजनात्मक और समालोचनात्मक प्रतिभा को दिशा देने का प्रयास किया जाता है। विभिन्न भाषा-भाषी हिंदी नवलेखक इस दौरान हिंदी मंच पर लघु भारत के रूप में अपनी अविस्मरणीय छाप छोड़ते हैं। भारतीय नवलेखक की सोच और लेखन को इस योजना के माध्यम से सकारात्मक दिशा मिलती है। इन शिविरों में भाग लेने वाले अनेक नवलेखक समकालीन साहित्यिक परिदृश्य में निरंतर अपनी पहचान बना रहे हैं।

(ख) छात्र अध्ययन यात्रा

हिंदीतरभाषी प्रांतों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी भाषा एवं साहित्य का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष दो अध्ययन यात्राओं का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक अध्ययन-यात्रा में पचास-पचास विद्यार्थियों को हिंदी भाषी प्रांतों के तीन-तीन विश्वविद्यालयों / स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं में ले जाया जाता है तथा हिंदी के प्रख्यात विद्वानों, साहित्यकारों एवं हिंदी-सेवियों से उनकी भेंट कराई जाती है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महत्व के स्थलों का भी यथासंभव भ्रमण कराया जाता है। इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी के व्यावहारिक रूप को समझने में बहुत मदद मिलती है तथा उच्चारण अंतर का पता भी चलता है। हिंदी भाषा व साहित्य के विविध पक्षों की प्रत्यक्ष और अधुनातन जानकारी इस योजना से मिलती है। विविध प्रांतों से आए विद्यार्थी इन शिविरों में नौ-दस दिन तक एक साथ रहकर हिंदी भाषा के माध्यम से परस्पर विचार-विनिमय करते हैं। इस प्रकार भारतीय युवा मानस हिंदी के मंच से अपनी एकता-यात्रा आरंभ करता है।

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**शिक्षा मंत्रालय**

**पश्चिमी खंड -7, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली- 110066**

हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर के लिए आवेदन प्रपत्र

1. नाम (पूरा व स्पष्ट हिंदी में) ..........................................................
(अंग्रेजी ब्लॉक लेटर्स में) ..........................................................
(Name in Block letters) ..........................................................

2. मातृभाषा ..........................................................

3. जन्म तिथि ..........................................................

4. जन्म स्थान ..........................................................

5. राज्य जिससे संबंधित है ..........................................................

6. शैक्षिक योग्यताएं ..........................................................

7. महाविद्यालय / विश्वविद्यालय जिसमे अध्ययन कर रहे हैं ..........................................................

8. वर्तमान व्यवसाय/कार्य अनुभव ..........................................................

9. हिंदी लेखन का अनुभव ..........................................................

10. संलग्न हिंदी रचना का विषय (अपनी मौलिक रचना संलग्न करें जिसे लौटाया नहीं जाएगा) ..........................................................

11. किन-किन भाषाओं का ज्ञान है। ..........................................................

12. अन्य भारतीय भाषाओं में लिखी आपकी रचनाओं का विवरण ..........................................................

13. साहित्यिक / सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान का विवरण ..........................................................

14. क्या आप हमारे द्वारा चुने गए स्थान पर आकर आठ दिन रहने को तैयार हैं ? ..........................................................

15. क्या आप अनुसूचित जाति / जनजाति से है ? ..............................................................................................

16. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा आयोजित अब तक कितने शिविरों में भाग लिया है ? विवरण दें। ..............................................................................................

17 . क्या आपने केंद्रीय हिंदी निदेशालय के किसी कार्यक्रम में भाग लिया है ? (यदि हां तो विवरण दे। ..............................................................................................

18. क्या आप शिविर अवधि में सभी नियमों का पूरी तरह से पालन करने के लिए सहमत है ? ..............................................................................................

मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ / कि उपर्युक्त विवरण सही है।

दिनांक:

**आवेदक के हस्ताक्षर**

नाम व पता हिंदी में (दूरभाष सहित)

..............................................................

..............................................................

पिन कोड................................................

ई मेल (यदि कोई हो) ....................

नाम व पता अंग्रेजी में (दूरभाष सहित)

..............................................................

..............................................................

पिन कोड.......................................

ई मेल (यदि कोई हो)........................

**नोट:**

1. आवेदन पत्र के सभी कॉलमों में मांगी गई सूचना भरें, अन्यथा आपके आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. आवेदन-पत्र के साथ रचना संलग्न करना अनिवार्य है।
3. केवल हिंदी में भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

शिक्षा मंत्रालय

पश्चिमी खंड -7, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली- 110066

## छात्र अध्ययन यात्रा हेतु आवेदन प्रपत्र

1.नाम (स्पष्ट और पूरा )

(हिंदी में)

(अंग्रेजी में)

2. पत्र व्यवहार का पूरा पता (फोन एवं मोबाइल नंबर सहित)

| हिंदी में | अंग्रेजी में |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| पिन कोड | Pin Code |

3. मातृभाषा ..............................................................................

4. जन्म तिथि एवं जन्म स्थान ..............................................................................

5. क्या आप अनुसूचित जाति/जनजाति से हैं ? ..............................................................................

6. महाविद्यालय / विश्वविद्यालय ..............................................................................

7. वर्तमान कक्षा एवं विषय ..............................................................................

8. शैक्षणिक विवरण (इंटरमीडिएट से आगे)

परीक्षा का नाम ..............................................................................

विषय ..............................................................................

प्राप्तांक / श्रेणी ..............................................................................

(कृपया प्राप्तांकों की साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें)

9. हिंदी में उत्तीर्ण अन्य परीक्षाओं का विवरण ..................................................................

..................................................................................................

10. सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यों तथा कला, संगीत, काव्यपाठ, नाटक आदि में भाग लेने का विवरण ...........

..................................................................................................

..................................................................................................

11. क्या आप पढाई के दौरान कहीं सेवारत है ? ( यदि हाँ, तो उसका विवरण दें)..........................................

..................................................................................................

12. क्या आप पहले कभी इस यात्रा में भाग ले चुके हैं ? (यदि हाँ, तो उसका विवरण दें)..................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

13. क्या आप यात्रा के दौरान नियमों का पूरी तरह से पालन करने के लिए सहमत हैं ? ..........................................

..................................................................................................

स्थान:

तिथि:

आवेदक के हस्ताक्षर

विभागाध्यक्ष/ प्रधानाचार्य की संस्तुति

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त आवेदक इस संस्था / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय का नियमित छात्र / छात्रा है। ऊपर दी गई सूचना मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार सही है।

**हस्ताक्षर और कार्यालय की मोहर**

**संस्था / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय का पूरा पता अंग्रेजी में पिन कोड सहित**

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

**नोट :- केवल हिंदी में भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।**